भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1748
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा दिया जाना

**1748 श्री धनंजय भीमराव महादिक:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने में सरकार को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है;

(ख) क्या सरकार ने अनछुए पर्यटन स्थलों में पर्यटन संभाव्यता की पहचान की है और यदि हां, तो सरकार द्वारा ऐसे अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) विशेषकर महाराष्ट्र राज्य में अल्प विकसित पर्यटक स्थलों के विकास और संवर्धन के लिए चल रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या केन्द्र सरकार को महाराष्ट्र राज्य सरकार से अनछुए क्षेत्रों में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): कोविड-19 महामारी ने पर्यटन क्षेत्र को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया जिसके कारण पर्यटन संवर्धन में अप्रत्याशित बाधाएं सामने आईं। वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न देशों द्वारा लगाए गए व्यापक लॉकडाउन और यात्रा प्रतिबंधों के कारण अंतर्राष्ट्रीय मांग में भारी गिरावट आई। वर्ष 2020 में अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं में 74.9% की गिरावट आई जो पर्यटन के रिकार्ड में सबसे खराब वर्ष था। पर्यटन क्षेत्र धीरे-धीरे बहाल हो रहा है परंतु विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने के लिए बहाली संबंधी उपायों के कार्यान्वयन में आंशिक रूप से धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और इसने पर्यटन सेवाओं की मांग को भी प्रभावित किया है।

अपने राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के पर्यटन गंतव्यों की क्षमता का उपयोग करने के लिए पर्यटन की पहचान, विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत और देश में पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

महाराष्ट्र सहित देश में पर्यटन के विकास के लिए स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** पर दिया गया है।

पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और विनिर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति, प्रचालन संबंधी व्यवहार्यता तथा निधियों की उपलब्धता के अध्याधीन ऐसी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*******

**अनुबंध**

विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा दिया जाना के संबंध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1748 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के चिह्नित थीमेटिक परिपथों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **परिपथ / स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | तटीय परिपथ 2016-17 | लांग द्वीप-रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप- हैवलॉक द्वीप- बरतांग द्वीप-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यानम- कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर, पुलिकट झील - उब्बलामादुगु जलप्रपात - नेलपट्टु – कोथाकोडुरू - मायपाडू – रामातीर्थम - ईस्कापल्ली का विकास | 49.55 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ का विकासः शालीहुंडम – बावीकोंडा - बोज्जनाकोंडा – अमरावती - अनुपु का विकास | 35.24 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा – सेप्पाम – पप्पू – पासा - पक्के घाटी - सांगडुपोटा न्यू सागली – जीरो - योमचा का विकास | 96.72 |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस-प्रोबितोरा-नामेरी-काज़ीरंगा-डिब्रू-सेखोवा का विकास | 94.68 |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली-आरा- मसाद-पटना- राजगीर- पावापुरी- चंपापुरी का विकास | 33.96 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवड़िया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज- धर्मशाला–देवघर | 44.76 |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा- चंद्रहिया- तुरकौलिया का विकास | 44.27 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश  का विकास | 44.55 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर–कुंकुरी-मैनपत-कमलेशपुर-महेशपुर-कुर्दार-सरोदादादर-गंगरेल-कोंडागांव-नाथियानवगाँव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्रेरिम-बागा, अंजुना-वेगेटर, मोरजिम- केरी, अगौदा किला और अगौदा जेल का विकास | 97.65 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ-II का विकास: रूआ डी ओरम क्रीक - डॉन पौला -कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट-पोरबंदर-बारडोली- दांडी का विकास | 58.42 |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर और मोढेरा का विकास। | 91.12 |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ- भावनगर-राजकोट- मेहसाणा का विकास | 26.68 |
| 20. | हरियाणा | कृष्णा परिपथ 2016-17 | कुरूक्षेत्र में महाभारत से सम्बन्धित स्थानों की पर्यटन अवसंरचनाओं का विकास | 70.91 |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालयन परिपथ का विकास: कियारीघाट, शिमला, हतकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीड, पालमपुर, चंबा | 68.34 |
| 22. | जम्मू एवं | हिमालयन | जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग- | 77.33 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कश्मीर | परिपथ 2016-17 | सलामाबाद उरी-कारगिल-लेह का विकास | |
| 23. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 81.60 |
| 24. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास- पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसम्पत्तियों के बदले में परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 25. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधामहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 |
| 26. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग-पुलवामा-किश्वर-पहलगाम- जंसकर पेडम- दाकसुम – रणजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 27. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग-बारामूला -कुपवाड़ा-कारगिल लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ का विकासः दलमा – बेतला - राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया-नेतरहाट | 30.11 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गावी-वागमोन- थेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली-पंपा-सन्नीधानम का विकास | 54.88 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री पद्मनाभ अर्नामुला का विकास | 78.08 |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरी श्रीनारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्रीसुब्रह्मणिया- चेंबाझान्थी श्रीनारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | पन्ना - मुकुंदपुर -संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | | |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची-सतना-रीवा -मंदसौर-धार का विकास | 74.02 |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर-ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास | 89.82 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास | 93.76 |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभाव का विकास | 19.06 |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- परादसिंघा- तेलनखंडी- गिराड़ का विकास | 53.96 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ का विकास: इम्फाल- खोंगजोम | 72.23 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविन्दजी मंदिर, श्री बिजयगोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशिबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियाम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग – मवडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | पश्चिम खासी पहाड़ियों (नोंगख्लाव- क्रेमटिरोट-खुडोई और कोहमांग फॉल्स - ख्री नदी- मवथाद्रैशान, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांगसुरी फॉल्स- शयिरमांग –लूकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेंजावाल और दक्षिण ज़ोट, जिला सेरछिप तथा रईक का विकास | 92.26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | आइज़ावल -रापुईछिप -खावहपहवप- लेंगपुई - चेतलांग- साकावरमुइतुइतलांग-मूथी - बेरातलवंग - तुइरियल एयरफ़ील्ड-हमुईफांग इको- एडवेंचर परिपथ का विकास | 66.37 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | पेरेन-कोहिमा- वोखा में जनजातीय परिपथ का विकास | 97.36 |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तुएनसांग-मोन का विकास | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास। | 70.82 |
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | डुबरयापेट – अरिकामेडु – वीरमपट्टिनम – चुनांबर – नल्लवाडू/नारामबाई – मानापेट – कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको-तमिल विलेज, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 |
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | कराईकल, यानम और पुडुचेरी का विकास | 34.96 |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फ़िरोज़पुर - खटकरकलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 94.51 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाऊन और अन्य गंतव्यों का विकास | 50.01 |
| 54. | राजस्थान | कृष्णा परिपथ 2016-17 | गोविंद देवजी मंदिर (जयपुर), खाटूश्यामजी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 75.80 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ का विकास - चूरू (सालासरबालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बांधेके बालाजी) - विराटनगर (बिजक, जैन्नासिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद)- मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ का विकास - राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) – जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था)- झालावाड़ (गगरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी)-उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र)-धौलपुर (बाग-ए-निलोफ़र और पुरानी छावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक, मेड़ता) टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग- अरितर- फड़मचेन-नथांग-शेरथांग-त्सोंगमो- गंगटोक- फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन - थांगु- गुरूडोंगमर- मंगन-गंगटोक-टुमिनलिंगी- सिंगटम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 98.05 |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम-माका-तेमी-बरमोइक टोकेल-फोंगिया-नामची-जोरथांग-ओखरे-सोमबरिया- दारमदीन-जोरथांग - मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम- मानपाडु कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में ईको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु- लकनावरम- मेदावरम- तड़वई-दमारावी-मल्लूर- बोगाथा झरने का विकास | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुब शाही हेरिटेज पार्क- पैगाह मकबरे -हयात बख्शी मस्जिद -रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला-सिपाहीजला-मेलाघर-उदयपुर- अमरपुर-तीर्थमुख- मंदिर घाट- दुंबूर- नारिकेलकुंजा-गंडचारा-अंबासा का विकास | 82.85 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमा चेर्रा - उनाकोटी- जम्पुई हिल्स- गुनाबाती-भुनानेश्वरी-नीरमहल- बॉक्सानगर- चोट्टाखोला-पिलक- अवंगचारा का विकास | 44.83 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2016-17 | | |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-(उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशाम्बी-मिर्जापुर-गोरखपुर- डूमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आज़मगढ़-कैराना- बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर- मेरठ- कानपुर- कानपुर देहात- बांदा गाज़ीपुर- सलेमपुर -घोसी-बलिया- अंबेडकर नगर-अलीगढ़- फतेहपुर- देवरिया- महोबा- सोनभद्र-चंदौली- मिश्रीख- भदोही का विकास | 67.51 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किले (बांदा) – मगहर धाम (संत कबीर नगर) -चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)–महुआर शहीद स्थल (घोसी) –शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.92 |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास | 12.03 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) और वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी-चंबा- टिहरी झील के आसपास सैरन का विकास | 69.17 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊँ क्षेत्र-कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ- देवीधुरा का विकास | 76.32 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | उदयपुर- दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलाई- हेनरी द्वीप में तटीय परिपथ का विकास | 67.99 |
| 76. | - | मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19 | उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी- गया; कुशीनगर-गया- कुशीनगर में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 15.07 |

| कुल | **5303.64** |
|---|---|

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. स.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अमरावती शहर, गुंटूर जिले का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास** | 2015-16 | 27.77 |
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास** | 2017-18 | 43.08 |
| | 3 | विशाखापट्टनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 2022-23 | 54.04 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास। | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 5 | गुवाहाटी और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थल का विकास। ** | 2015-16 | 29.80 |
| बिहार | 6 | पटना साहिब में विकास** | 2015-16 | 41.54 |
| | 7 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूल सुविधाओं का विकास** | 2014-15 | 4.27 |
| छत्तीसगढ़ | 8 | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| गुजरात | 9 | द्वारका का विकास** | 2016-17 | 13.08 |
| | 10 | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास** | 2016-17 | 45.36 |
| | 11 | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास** | 2018-19 | 47.12 |
| | 12 | सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर सहित तीर्थ यात्री प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |
| | 13 | अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 |
| हरियाणा | 14 | पंचकूला जिले में माता मनसा और नाडा साहेब गुरुद्वारा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| जम्मू और कश्मीर | 15 | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 16 | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास** | 2018-19 | 39.13 |
| कर्नाटक | 17 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| केरल | 18 | गुरुवायूर मंदिर में विकास** | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 19 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| | 20 | ओंकारेश्वर का विकास** | 2017-18 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 21 | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 52.92 |
| मेघालय | 22 | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| मिजोरम | 23 | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना विकास | 2022-23 | 44.89 |
| नागालैंड | 24 | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| | 25 | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 26 | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम-रामचंडी-देउली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास # | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 27 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास** | 2015-16 | 6.40 |
| | 28 | रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| राजस्थान | 29 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| सिक्किम | 30 | फोर पेट्रन सेंट्स, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 31 | कांचीपुरम का विकास** | 2016-17 | 13.99 |
| | 32 | वेलंकन्नी का विकास** | 2016-17 | 4.86 |
| तेलंगाना | 33 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |
| | 34 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| | 35 | भद्राचलम, भद्राद्री कोठागुडम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| त्रिपुरा | 36 | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 |
| उत्तर प्रदेश | 37 | वाराणसी - चरण -I का विकास ** | 2015-16 | 18.72 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | 38 | मथुरा-वृंदावन का मेगा टूरिस्ट परिपथ (चरण - II) के रूप में विकास ** | 2014-15 | 10.98 |
| | 39 | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन** | 2017-18 | 9.02 |
| | 40 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण** | 2014-15 | 9.36 |
| | 41 | वाराणसी का विकास चरण -II ** | 2017-18 | 44.60 |
| | 42 | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 |
| उत्तराखंड | 43 | केदारनाथ का एकीकृत विकास** | 2015-16 | 34.77 |
| | 44 | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 |
| | 45 | तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं तथा गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का संवर्धन | 2021-22 | 54.36 |
| पश्चिम बंगाल | 46 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |
| | | **कुल** | | **1630.15** |

**** परियोजनाएँ पूरी हो गई हैं**

**# निष्पादित कार्य की सीमा तक परियोजना को पूर्ण घोषित किया गया**

*******